भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

04.02.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 441 का उत्तर

नरकटियागंज से ट्रेन परिचालनों को पुनः शुरू करना

441. श्री सतीश चंद्र दुबेः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार पूर्व में सिकटा, रक्सौल के रास्ते नरकटियागंज जंक्शन से जयनगर-दरभंगा तक जाने वाली ट्रेनों का परिचालन पुनः शुरू करने की योजना बना रही है; और

(ख) यदि हाँ, तो इसे कब तक शुरू किया जाएगा और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): इस समय, नरकटियागंज-दरभंगा क्षेत्र (बरास्ता रक्सौल/बेतिया) में 03 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा, 02 जोड़ी पैसेंजर स्पेशल गाड़ियां नरकटियागंज-रक्सौल खंड बरास्ता सिकटा की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं। नरकटियागंज से जयनगर/दरभंगा बरास्ता सिकटा रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करना परिचालनिक कठिनाइयों और संसाधनों की तंगी के कारण फिलहाल व्यावहारिक नहीं है। बहरहाल, भारतीय रेल में रेलगाड़ी सेवा शुरू करना सतत प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता, प्रतिस्पर्धी मांगों आदि पर निर्भर करती है।

******

Sk